प्रयागराज, रविवार 29 दिसम्बर 2024 से शनिवार 04 जनवरी 2025 तक
वर्ष-12 , अंक-52
पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

## हिन्दी साप्ताहिक

नगर संस्करण
12




नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
क्राइस्ट चर्च कॉलेज लखनऊ



नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल एंड कॉलेज प्रयागराज



नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं



इविगं किशचयन कालेज
मुठीगंज प्रयागराज

नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं



बिशप जानसॅन स्कूल एण्ड कालेज
सिविल लाइन्स प्रयागराज

नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं




नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं



फोर्ड स्कूल एण्ड कालेज
नैनी प्रयागराज

नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं



बिशप जानसॅन स्कूल एक्सटेन्सन
कचहरी प्रयागराज

नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं




गर्ल्स हाईस्कूल प्रयागराज

नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं



सेंट जॉन्स को-एड स्कूल
नैनी प्रयागराज

नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं



बेथनी कान्वेन्ट स्कूल
नैनी प्रयागराज

नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं




सेंट जोसफ कालेज प्रयागराज

HAPPY NEW YEAR!





नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
शुधांशु शर्मा- रेडियो हेड, आधुनिक समाचार

नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
मकून्स स्कूल
नैनी प्रयागराज



डाक पंजीयन नं. AD -99/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com – E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
YouTube आधुनिक समाचार




# आईआईटी रुड़की के साथ फेकल्टी विकास कार्यक्रम शुरू करेगा शुआट्स

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीटी अकादमी आईआईटी रुड़की एवं सैम हिगिनबॉटम कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (शुआट्स) द्वारा 15-19 जनवरी, 2025 को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों के साथ कृषि और संबद्ध डोमेन को बढ़ाने पर एक फेकल्टी विकास कार्यक्रम शुरू करेगा।कोर्स समन्वयक प्रो. (डॉ.) दीपक लाल ने साझा किया कि यह संकाय विकास कार्यक्रम सटीक खेती, संसाधन अनुकूलन और डेटा-संचालित निर्णय लेने के माध्यम से कृषि को बदलने के लिए एआई और भू-स्थानिक तकनीकों को एकीकृत करने का पता लगाएगा। इसका उद्देश्य भविष्य के कृषि पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लिए संकाय को अत्याधुनिक ज्ञान से लैस करना है। यह कार्यक्रम आधुनिक कृषि समाधानों से परिचित कराता है, शिक्षकों को टिकाऊ कृषि के लिए शिक्षण और अनुसंधान में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अन्वेषक आईआईटी रुड़की के ईसीई विभाग के प्रो. संजीव मन्हास होंगे। यह पाठ्यक्रम फेकल्टी सदस्यों, छात्र-छात्राओं, सरकारी अधिकारियों, सेमीकण्डक्टर इण्डस्ट्रीज में कार्यरत विशेषज्ञों, शोध वैज्ञानिकों व तकनीकी कर्मचारियों के लिये है।

# शुआट्स में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस

## यीशु मसीह, जगत में ज्योति बनकर आये हैं: कुलपति प्रो. आर.बी. लाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।**सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) द्वारा विश्वविद्यालय के




यीशु दरबार चर्च में क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शुआट्स कुलपति एवं यीशु दरबार चर्च के बिशप प्रो0 राजेन्द्र बिहारी लाल ने सभी को क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि आज सारा संसार प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव बना रहा है, प्रभु यीशु मसीह, जगत में ज्योति बनकर आये हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना से हुआ। विश्वविद्यालय चर्च के बच्चों ने मसीही गीत 'शोर दुनिया में ये हो गया, आज पैदा मसीह हो गया' पर नृत्य की प्रस्तुति दी। पंजाबी गीत 'यीशु तेरे नाम लिया गल्ला' की भी प्रस्तुति हुई। लक्ष्मी ने बिशप लाल द्वारा लिखित भजन 'कैसा प्यारा मसीहा मेरा' की प्रस्तुति दी। सण्डे स्कूल के बच्चों ने 'वो है महान सर्वशक्तिमान' गीत पर ग्रुप डान्स प्रस्तुत किया। जय मसीह व हनूक मसीह ने कव्वाली की प्रस्तुति दी। मर्सी प्रकाश ने भी 'तुम्हारी चमक हमसे कुछ कहती है' भजन की प्रस्तुति दी। घनश्याम आदि ने भी गीत व भजन की प्रस्तुति दी। बिशप प्रो0 राजेन्द्र बी. लाल ने कहा कि यीशु मसीह गुनाहों से छुटकारा देने वाला मसीहा है। उन्होंने कहा कि यीशु मसीह, जगत की ज्योति हैं, परमेश्वर की रोशनी आत्मिक आँखों को खोलती है, अन्धकार दूर करती है, भलाई की ओर ले जाती है। यीशु मसीही सच्चा चरवाहा है जो अपने भेड़ों की रखवाली करता है, वो जीविते परमेश्वर है जिसने रोगियों को चंगा किया, सत्य का मार्ग दिखाया। उन्होने कहा कि परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप अपनी समानता में बनाया है, परमेश्वर, मनुष्य को अपना जीवन देना चाहता है। उन्होंने अपील की कि यीशु मसीह के बताये सत्य और शान्ति के मार्ग पर चलें, अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम करें, लालच, बुराई, हिंसा से दूर रहें। कार्यक्रम में यीशु दरबार चर्च की उपाध्यक्ष डा. सुधा लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. जोनाथन ए. लाल, प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. बिश्वरूप मेहरा, रेव्ह. डेविड फिलिप्स, निदेशक एचआरएम एण्ड आर डा. अभिलाषा जे. लाल, निदेशक पब्लिक रिलेशन डा. रमाकान्त दूबे सहित भारी संख्या में कर्मचारीगण, छात्र-छात्रायें व यीशु दरबार चर्च के श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में सभी ने सामूहिक भोज में भाग लिया।

# श्री महंत तारा की आंखों का तारा है सोमा, तिलक लगवाने के साथ ही बंधवाती है जटाएं


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** श्री महंत तारा गिरि बताते हैं, इसका जन्म सोमवार को हुआ था, इसलिए उसका नाम सोमा



रखा गया। ल्हासा एप्सो नस्ल का यह डॉगी बेहद खूबसूरत और खास है। इसकी खासियत है कि यह अधिक वफादार और स्नेही होने के साथ ही सतर्क निगरानी में भी माहिर होता है। महाकुंभ के अखाड़ा सेक्टर में नागा संन्यासियों के शिविर में भक्ति, साधना और अध्यात्म के अलग-अलग रंग दिख रहे हैं। इसमें नागा संन्यासियों का पशु प्रेम भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रहा है। गुरुग्राम के खेटाबास आश्रम से महाकुंभ में आए जूना अखाड़े के श्री महंत तारा गिरि अपने पेट सोमा के साथ ही धूनी रमा रहे हैं। संत की संगत में रहकर अब सोमा भी तिलक लगवाने के साथ ही जटाएं बंधवाती है। साथ ही सात्विक भोजन करती है।श्री महंत तारा गिरि बताते हैं, इसका जन्म सोमवार को हुआ था, इसलिए उसका नाम सोमा रखा गया। ल्हासा एप्सो नस्ल का यह डॉगी बेहद खूबसूरत और खास है। इसकी खासियत है कि यह अधिक वफादार और स्नेही होने के साथ ही सतर्क निगरानी में भी माहिर होता है। सोमा की देखभाल उनकी शिष्या पूर्णा गिरि करती हैं। पूर्णा बताती हैं कि साधु-संतों के कोई परिवार या बच्चे तो होते नहीं हैं, ऐसे में सोमा जैसे पेट ही उनकी संतान हैं जिसे वो एक अतिथि की तरह रखती हैं। उन्होंने बताया कि जितना समय उन्हें अपनी साधना के लिए तैयार होने में नहीं लगता उससे अधिक सोमा को सजाने संवारने में लगता है। महंत श्रवण गिरि की साधना का हिस्सा बनी लाली महाकुंभ के अखाड़ा सेक्टर में महंत तारा गिरि अकेले पशु प्रेमी नहीं हैं। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर से आए महंत श्रवण गिरि के लिए डॉगी लाली उनकी साधना का हिस्सा है। उनके एक हाथ में भगवान गणेश के नाम की माला रहती है तो दूसरे हाथ में लाली का पट्टा महंत श्रवण गिरि बताते हैं कि 2019 के कुंभ में प्रयागराज से काशी जाते समय रास्ते में उन्हें लाली मिली थी। दो महीने की लाली तब से उनके साथ है। जब वह साधनारत होते हैं तो लाली शिविर के बाहर उनकी रखवाली करती है।

# हाईटेंशन लाइन खींचते समय टॉवर गिरने से घायल मजदूर की मौत, कई की हालत नाजुक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के जगबंधनपुर गांव में हाईटेंशन टावर गिरने से घायल एक मजदूर की एसआरएन अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एक अन्य मजदूर की हालत नाजुक बनी हुई है। शनिवार को तार खींचते समय हाईटेंशन टावर गिर गया था। जिसके नीचे सात मजदूर दब गए थे। सरायइनायत थाना क्षेत्र के जगबंधनपुर गांव में तार खींचते समय हाईटेंशन टावर गिरने से घायल एक मजदूर की रविवार की मौत हो गई। उसका उपचार एसआरएन अस्पताल में चल रहा था। हादसे में घायल एक



अन्य मजदूर की हालत नाजुक बनी हुई है। जगबंधनपुर गांव में शनिवार को हाईटेंशन लाइन खींचते समय टावर गिरने से सात मजदूर घायल हो गए। घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो की हालत गंभीर होने पर स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) प्रयागराज भेजा गया है। रिंग रोड निर्माण के कारण इन दिनों हाईटेंशन लाइन को भी शिफ्ट करने का काम चल रहा है। जगबंधनपुर गांव में पंद्रह दिन पहले रिंग रोड के आरपार दो टावर बनाए। शुक्रवार से लाइन खींचने का काम शुरू हुआ। शनिवार को काम के दौरान दोपहर दो बजे अचानक टावर गिर गया।

# राजकीय व एडेड शिक्षक भर्ती की अर्हता एक समान करने की तैयारी, पाठ्यक्रम एक जैसा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** राजकीय व एडेड शिक्षक भर्ती की अर्हता एक समान करने की तैयारी, पाठ्यक्रम एक जैसाएडेड विद्यालय हों या राजकीय, सभी जगह पाठ्यक्रम एक समान, इसके बावजूद एडेड व राजकीय विद्यालयों में सहायक अध्यापक (टीजीटी) हिंदी की भर्ती के लिए इंटरमीडिएट में संस्कृत के साथ बीए में हिंदी व बीएड अथवा बीए में हिंदी व संस्कृत के साथ बीएड की उपाधि जरूरी है। वहीं, राजकीय विद्यालयों में सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड शिक्षक) हिंदी की भर्ती के




सहायक अध्यापकों की भर्ती से संबंधित अर्हताओं में अंतर है। अब अर्हता एक समान किए जाने की तैयारी है, ताकि विवाद न हो और भर्तियां कोर्ट में न फंसें। अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) विद्यालयों में लिए इंटरमीडिएट में संस्कृत के साथ बीए में हिंदी व बीएड की उपाधि आवश्यक है।इसी तरह एडेड विद्यालयों में टीजीटी कला के लिए इंटरमीडिएट में प्राविधिक कला व बीए की डिग्री आवश्यक है।

SHRI MAA SARASWATI TOUR & TRAVELS
9335355703,9454386703,8840864240



Note- Train Ticket Booking Facality Available
Maasaraswatitravels0325@gmail.com
Shrimaasaraswatitravels.com
Address- 17/33c 1st Floor Market, M.G. Marg Civil Linec, Prayagraj, Uttar Pradesh 211001

आधुनिक
गेस्ट हाउस

- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)

CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710
आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज




# जामवंती पांडेय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**घोरावल।** घोरावल विकासखंड के महुआंव पांडेय ग्राम पंचायत में



आयोजित स्व. जामवंती पांडेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को जामवंती कप का मुकाबला होगा।फाइनल मुकाबला जामवंती पांडेय स्पोर्टिंग क्लब महुआंव पांडेय और मड़िहान के बीच खेला जाएगा विजेता टीम को 25000 रूपए और उपविजेता टीम को 15000 रूपए का नगद पुरस्कार और ट्रॉफी दी जाएगी । प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार में रेंजर साईकल और ट्रॉफी दी जाएगी ।अवगत कराते है कि इस टूर्नामेंट का आयोजन 11 दिसंबर से महुआंव पांडेय के मैदान में स्व जामवंती पांडेय स्पोटर्स क्लब के सौजन्य से यह प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। जिसका समापन फाइनल मुकाबले के साथ रविवार को संपन्न होगा।

# वरिष्ठ व्यवसायी के निधन पर व्यापारियों ने जताया शोक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**दुद्धी।** कस्बे के वरिष्ठ प्रतिष्ठित व्यवसायी 76 वर्षीय कृष्णावतार जायसवाल पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मण प्रसाद



जायसवाल का शुक्रवार को निधन हो गया ,वे पिछले कई दिनों अस्वस्थ चल रहे थे ,इसे लेकर उत्तर प्रदेश जिला उद्योग व्यापार मंडल कमेटी के तत्वाधान में शनिवार को वरिष्ठ व्यवसायी दिनेश आढ़ती के अध्यक्षता में व्यापारियों ने शोक सभा किया। व्यापारियों को संबोधित करते हुये उत्तर प्रदेश जिला उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अमरनाथ ने कहा कि कृष्णावतार कस्बे के वरिष्ठ व्यवसायी थे इन्होंने पिछले 5 दशकों के दौरान किराने परच्युन की दुकान से ठीकेदारी तक का सफर तय किया ,इनके अंदर दूसरे के प्रति सहयोग की भावना थी ये लोगों के सहयोग के लिए उत्साहित रहते थे ,ये संघर्षशील व्यक्ति थे ,आज भी इनके दो भाई भगवानदास व सुनील जायसवाल किराने की व्यवसाय निरंतर करते चले आ रहे है । उन्होंने कहा कि उनके चले जाने से व्यापार मंडल को सामाजिक क्षति हुई है ।इसके बाद व्यापारियों दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति की कामना की , व्यापारियों ने ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की कामना की।इस मौके पर व्यापार मंडल कमेटी के कोषाध्यक्ष गणेश सोनी , अशोक जायसवाल , संदीप गुप्ता ,सतीश कुमार ,अरविंद कुमार ,कृपा जायसवाल ,धर्मेंद्र जायसवाल ,दीपक जायसवाल ,अजय चौरसिया ,रामा आदि उपस्थित रहें।

# राबर्ट्सगंज में बही ग़ज़लों और गीतों की रसधारा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**सोनभद्र।** मित्रमंच फाउण्डेशन, सोनभद्र द्वारा अजीम शायर मिर्ज़ा ग़ालिब की 227वीं जयंती के मौके पर शुक्रवार को 22वें मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन होटल अरिहंत के हॉल में किया गया। इस माल्यार्पण कर शम्मा रोशन की रस्म अदा करके की। इसके बाद मित्रमंच के अध्यक्ष विकास वर्मा "बाबा" एवं कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष राम प्रसाद यादव, संरक्षक दया सिंह एवं सदस्यों विनोद कुमार चौबे, फरीद अहमद, इकराम खां आदि ने शायरों एवं कवियों पढ़कर मुशायरे का सिलसिला आगे बढ़ाया। सैकड़ों सुधी श्रोताओं ने सभी शायरों की ग़ज़लें-नज्में, कवियों एवं कवयित्रि के गीत-कविताएं मंत्रमुग्ध होकर सुनीं और भरपूर दाद दी। कवि लवकुश प्रजापति ने कहा- अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. लवकुश प्रजापति ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कार्यक्रम में पढ़ी गई रचनाओं और श्रोताओं की तारीफ करते हुए सभी का धन्यवाद किया। मित्रमंच फाउण्डेशन, सोनभद्र के अध्यक्ष विकास वर्मा "बाबा" ने देश भर से आए हुए सभी शायरों, कवियो, कवयित्री एवं श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुशायरे एवं कवि सम्मेलन की महफ़िल को अगले साल तक के लिए मुल्तवी किया। कार्यक्रम में मित्रमंच फाउण्डेशन के संरक्षक राधेश्याम बंका एवं



मुशायरे एवं कवि सम्मेलन में देश भर के नामचीन शायरों, कवियों एवं कवयित्री ने अपनी रचनाएँ पढ़कर श्रोताओं से खूब़ वाहवाही लूटी। मुशायरा शाम 9.30 बजे से रात्रि 2.30 बजे तक चला। मुशायरे का आगाज मुशायरे एवं कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि सोनभद्र के साहित्य गौरव डॉ. लवकुश प्रजापति, मित्रमंच के संरक्षक-द्वय दया सिंह, उमेश जालान ने ग़ालिब की तस्वीर पर का माल्यार्पण कर बैज लगाते हुए उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किये। विकास वर्मा बाबा ने कवियित्री प्रतिभा यादव को पुष्प गुच्छ, बैज और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लवकुश प्रजापति ने की एवं मंच संचालन हसन सोनभद्री ने किया। मुशायरा एवं कवि सम्मेलन की शुरुआत मनोज मधुर ने सरस्वती वंदना से की। इसके उपरांत अफ़ज़ल इलाहाबादी ने ग़ालिब की एक ग़ज़ल मित्रमंच फाउण्डेशन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों में उमेश जालान, संदीप चौरसिया, फरीद अहमद, अमित वर्मा, विनोद कुमार चौबे, रामप्रसाद यादव, श्याम राय, नंदलाल केशरी, डॉ. गोविंद यादव, धर्मराज जैन, इकराम खाँ, नन्दकिशोर विश्वकर्मा, राजेश सोनी, आशीष अग्रवाल, रविन्द्र केशरी, मुमताज अहमद, आदि सहयोगी, समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रवर्तन अभियान के तहत 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद व 350 किग्रा लहन किया गया नष्ट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह के आदेशानुसार क्रिसमर्स एवं नववर्ष को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत उपजिलाधिकारी लालगंज नवदीप शुक्ला के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक लालगंज संजीव सिंह द्वारा पुलिस एवं प्रशासन की टीम के साथ थाना खीरों के अन्तर्गत ग्राम नन्दा खेड़ा, महरानीगंज एवं थाना लालगंज के अंतर्गत ग्राम गुलाब का पुरवा में अवैध कच्ची शराब बनाने/बेचने के अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा मौके पर लगभग 350 किग्रा लहन नष्ट किया गया। 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।



# जनवरी माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह जनवरी 2025 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली "ग्राम चौपाल" (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।निर्धारित रोस्टर के अनुसार 03 जनवरी 2025 को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकासखंड सतांव में, जिला विकास अधिकारी विकासखंड सलोन में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड बछरावां में एवं विकासखंड शिवगढ़ में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इसी प्रकार 10 जनवरी को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 सरेनी में, जिला विकास अधिकारी हरचंदपुर में, उपायुक्त, श्रम रोजगार छतोंह में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार ऊंचाहार में। 17 जनवरी को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 दीनशाहगौरा में, जिला विकास अधिकारी राही में, उपायुक्त, श्रम रोजगार जगतपुर में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार आमावं में। 24 जनवरी को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 लालगंज में, जिला विकास अधिकारी डीह में, उपायुक्त, श्रम रोजगार रोहनियां में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार डलमऊ में। 31 जनवरी को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 खीरों में, जिला विकास अधिकारी महराजगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार सतांव में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार विकासखंड हरचंदपुर के किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

# मुख्य सचिव ने रायबरेली से प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**रायबरेली।** महाकुंभ-2025 के आयोजन को लेकर जनपद में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा लगातार चल रही है, जिसके दृष्टिगत मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन मनोज का समय से पहले पूर्ण करने के निर्देश दियें और कहा कि कार्यों में मानक और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सड़कों में साइनेज बोर्ड लगाये जायें, समस्त होल्डिंग एरिया में सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित कराते द्वारा पेट्रोलिंग का कार्य कराया जाए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई समस्या उत्पन्न न हों। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 शासन अजय चौहान, सदस्य प्रशासन एनएचएआई



कुमार सिंह ने आज लखनऊ से प्रयागराज जाते समय रायबरेली - प्रयागराज जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया तथा एनएचएआई के अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये।मुख्य सचिव ने इस अवसर पर सभी निर्माण कार्यों हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जायें, सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मी तैनात किये जायें, जिससें कि श्रद्धालुओं के अवागमन व ठहरने में कोई असुविधा न हों। उन्होंने कहा कि आयोजन के समय प्रयागराज जाने वाले मार्गों व चौराहों पर कुम्भ आयोजन के समय यातायात पुलिस की तैनाती की जायें, निरन्तर पुलिस विशाल चौहान, मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

ADHUNIK TUTORIALS
" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "
FOR CLASSES 1st 5th
(ADMISSION OPEN)
FACILITIES
- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks

Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)



- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .

Ms. Riya Arora (Counsellor)



- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .

Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .
Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## शादी क्यों नहीं करना चाहतीं श्रुति हासन अभिनेत्री ने आखिरकार कर दिया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** श्रुति हासन जल्द ही फिल्म 'कुली' में नजर आने वाली हैं। अपनी खूबसूरती से लाखों दिलों पर राज करने वाली श्रुति ने हाल ही में खुलासा किया है कि आखिर वह शादी क्यों नहीं करना चाहती हैं?श्रुति हासन अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनसे शादी को लेकर हमेशा सवाल पूछे जाते हैं। अतीत के अनुभवों पर। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अपने दोस्तों के सफल विवाह देखे हैं, लेकिन इन सकारात्मक उदाहरणों के बावजूद उनका नजरिया नहीं बदला।यह पहली बार नहीं है जब श्रुति ने शादी पर बात की है। एक बार इंस्टाग्राम पर एक प्रशंसक ने उनसे शादी के प्लान के बारे में पूछा तो उन्होंने मजाक में जवाब देते हुए का था, ठयह सवाल



अब अभिनेत्री ने आखिरकार इन सवालों का जवाब दे दिया है। उन्होंने हाल ही में यह साफ किया कि वह शादी के बजाय रिलेशनशिप में रहना पसंद करती हैं।पिंकविला से बातचीत करते हुए जब श्रुति से उनके शादी न करने के बयान के बारे में पूछा गया तो इस पर जवाब देते हुए उन्होंने अपनी स्थिति को फिर से स्पष्ट किया। श्रुति ने कहा, ठमुझे नहीं पता। मुझे रिलेशनशिप बहुत पसंद हैं और मुझे रोमांस भी पसंद है। मैं रिश्ते में रहना पसंद करती हूं, लेकिन किसी से इतना ज्यादा जुड़ना मुझे थोड़ा डराता है।श्रुति ने यह भी कहा कि उनका शादी के प्रति यह दृष्टिकोण उनके व्यक्तिगत विश्वासों पर आधारित है, न कि किसी पूछना बंद करें।श्रुति ने कुछ समय पहले ही अपने बॉयफ्रेंड संतानु हजारिका से अपना रिश्ता समाप्त किया था। ऐसा कहा जाता था कि दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो श्रुति जल्द ही 'कुली' फिल्म में रजनीकांत के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म लोकेश कनगराज निर्देशित कर रहे हैं। इसमें नागार्जुन अक्किनेनी, उपेन्द्र राव, सौबिन शाहिर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा उनके पास बहुप्रतीक्षित 'सालारः पार्ट 2 शौर्यंगा पर्वम' भी है, जिसमें प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन अहम भूमिका में हैं।

## कैटरीना कैफ-विक्की कौशल ने मनाई क्रिसमस पार्टी, दिखा प्यारा सांता क्लॉज, तोहफों के साथ लिखा नोट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने परिवार के साथ क्रिसमस




मनाया। सेलिब्रेशन की कई शानदार तस्वीरें कैटरीना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। साथ ही कैटरीना ने अपने प्रशंसकों के लिए एक खास नोट भी लिखा है। प्रशंसक भी कैटरीना की इस प्यारी पोस्ट पर अपना प्यार बरसा रहे हैं।विक्की कौशल और कैटरीना कैफ बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल्स हैं। इन दोनों ने भी क्रिसमस मनाया और जमकर पार्टी की। दोनों ने दिल को छू लेने वाली तस्वीरों के साथ क्रिसमस की शुभकामनाएं दी हैं। इस साल, छावा अभिनेता ने कैटरीना के परिवार के साथ क्रिसमस का जश्न मनाया। सोशल मीडिया पर ये तस्वीरें वायरल हो रही हैं। प्रशंसक अपने पसंदीदा जोड़े को खूबसूरत क्रिसमस ड्रेस में देखकर बेहद खुश हैं और लगातार उन्हें कमेंट कर रहे हैं। कैटरीना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर क्रिसमस की कई लाजवाब तस्वीरों को शेयर किया है। पहली तस्वीर में, उन्होंने अपनी बहनों के साथ पोज दिया। कैटरीना लाल स्वेटर में काले पैंट और एक प्यारे काले रंग की टोपी में बेहद प्यारी दिख रही थीं।

## पहले दिन ही फेल हुई 'बेबी जॉन', 'मुफासा'- 'पुष्पा 2' को नहीं दे सकी मात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कई फिल्में प्रदर्शित हो रही हैं। क्रिसमस डे के मौके पर रिलीज हुई 'बेबी जॉन' की शुरुआत बॉक्स ऑफिस पर अच्छी नहीं रही है। वहीं, मुफासा और पुष्पा 2 का जलवा बुधवार को कैसा प्रदर्शन रहा। फिल्म 'बेबी जॉन' ने पहले दिन केवल 12.50 करोड़ रुपये की कमाई की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 180 करोड़ रुपये के आस-पास का है। लागत के हिसाब से फिल्म का यह कलेक्शन बेहद खराब है। क्रिसमस डे के मौके पर फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर 14.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म का भारत में कुल कलेक्शन अब 67.85 करोड़ रुपये हो गया है। यह कमाई 'बेबी जॉन' से काफी ज्यादा है। इससे यह साफ है कि







टिकट खिड़की पर कायम है।वरुण धवन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बेबी जॉन' ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। हालांकि, यह फिल्म पहले दिन ही कलेक्शन के मामले में फेल हो गई है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का ओपनिंग डे बिजनेस बेहद निराशाजनक रहा। पहले दिन वरुण अपनी फ्लॉप फिल्म कंलक को भी पीछे नहीं छोड़ सके। इसके अलवा सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही 'मुफासा द लायन किंग' और 'पुष्पा 2' भी वरुण की इस नई फिल्म पर भारी पड़ी। आइए जानते हैं कि इन तीनों फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग डे पर 'बेबी जॉन' 'कलंक' के कलेक्शन को भी मात नहीं दे सकी। साल 2019 में आई इस फ्लॉप फिल्म ने 21.6 करोड़ रुपये से अपनी शुरुआत की थी। दिलचस्प बात यह है कि हॉलीवुड फिल्म 'मुफासा' का छठे दिन का कलेक्शन इस फिल्म से ज्यादा रहा। क्रिसमस डे पर फिल्म की कम कमाई 'बेबी जॉन' के मेकर्स के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है।भारत में 'मुफासा द लायन किंग' शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म तेज रफ्तार से 100 करोड़ी क्लब की ओर बढ़ रही है। छठे दिन फिल्म का कलेक्शन सबसे अच्छा रहा। फैमिली ऑडियंस ने 'बेबी जॉन' की जगह 'मुफासा' को देखने के लिए ज्यादा तरजीह दी।'पुष्पा 2' का बॉक्स ऑफिस पर कब्जा अब भी बरकरार है। टिकट खिड़की पर इस फिल्म का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। 21वें दिन फिल्म ने भारत में 1100 करोड़ी क्लब की शुरुआत कर दी। फिल्म ने तीसरे बुधवार को 19.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म की यह कमाई 'बेबी जॉन' की तुलना में काफी अधिक है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 1109 करोड़ रुपये हो गई है।

## जब यह रोल करके दो-तीन दिनों तक नहीं नहाए अनिल कपूर, बड़े भैया बोनी कपूर ने सुनाया मजेदार किस्सा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बोनी कपूर हाल ही में अपने छोटे भाई अनिल कपूर के



अभिनय के प्रति जुनून के बारे में बात करते दिखे। उन्होंने अभिनेता से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा भी सुनाया।अनिल कपूर ने इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई है। 68 की उम्र में भी वे गजब की फिटनेस के लिए जाने जाते हैं। बीते वर्ष दिसंबर में उन्होंने 'एनिमल' में धमाल मचाया तो इस साल जनवरी में फिल्म 'फाइटर' में दिखे। हाल ही में उनकी फिल्म 'सूबेदार' का एलान हुआ है। अनिल कपूर के भीतर अभिनय का जुनून है और वे बचपन से ही अभिनय की दुनिया में आना चाहते थे। इसका खुलासा उनके बड़े भाई बोनी कपूर ने किया है। उन्होंने अनिल कपूर से जुड़ा एक वाकया याद किया है।बोनी कपूर ने बताया कि एक बार ऐसा हुआ था कि अनिल कपूर दो-तीन दिनों तक नहीं नहाए थे। यहां तक कि मुंह भी नहीं धोया। इसके पीछे वजह थी। उन्होंने शशि कपूर के चाइल्ड वर्जन का किरदार अदा किया। इसके बाद दो-तीन दिन इसलिए नहीं नहाए कि कहीं मेकअप ने हट जाए। उनका कहना है था कि सबको पता चलना चाहिए कि 'अब मैं एक्टर बन गया हूं'।

## गेम चेंजर' के प्रचार में हुई कियारा आडवाणी से चूक, हो गईं ट्रोल, उठाना पड़ा ये कदम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कियारा आडवाणी ने बीते दिन अपनी अगली फिल्म 'गेम चेंजर' के नए गाने 'धोप' के पर्दे के पीछे का वीडिया साझा किया। हालांकि, इसमें जानी मास्टर का जिक्र करने के बाद कियारा आडवाणी को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। अभिनेत्री ने राम चरण के साथ 'गेम चेंजर' के गाने 'धोप' के लिए किया गया था। एक 21 वर्षीय महिला कोरियोग्राफर ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया कि जानी मास्टर ने 2020 में (जब



उनकी एक चूक पर ट्रोल्स ने उन्हें आड़े हाथों लेना शुरू कर दिया। अब अभिनेत्री को बड़ा कदम उठाते देखा गया है। कियारा आडवाणी अपनी अगली फिल्म 'गेम चेंजर' को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वह साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ नजर आएंगी। हालांकि, बीते दिन उन्हें अपनी एक पोस्ट के लिए जबर्दस्त आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। दरअसल, अभिनेत्री ने फिल्म से जुड़े गाने 'धोप' के पर्दे के पीछे का वीडिया साझा किया, लेकिन इसमें वह जानी मास्टर का जिक्र करतीं और उनके कोरियोग्राफी की सराहना करतीं नजर आईं। यही बात नेटिजन्स को रास नहीं आई। ट्रोल्स ने अभिनेत्री को आड़े हाथों लेना शुरू कर दिया। इसके बाद कियारा भी बड़ा कदम उठाती देखी गईं। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में उनकी कोरियोग्राफी की सराहना की। इस कैप्शन को लेकर उन्हें ट्रोल किया गया। जानकारी हो कि जानी मास्टर को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोस्को) सहित विभिन्न धाराओं के तहतकई मामलों के तहत सितंबर में गिरफ्तार किया गया था।स्ट के लिए आलोचना का सामना करने के बाद, कियारा ने कैप्शन को एडिट किया। उन्होंने पहले लिखा था, 'मुझे याद है कि मैं जानी मास्टर की कोरियोग्राफी को देखती थी और सोचती थी कि हम यह कैसे करेंगे, लेकिन यह हमारे काम की खूबसूरती है, हमेशा कुछ नया सीखना।' हालांकि, अभिनेत्री ने अब जानी मास्टर का नाम अपनी पोस्ट के कैप्शन से हटा दिया है। जानी मास्टर के नाम से मशहूर शेख जानी बाशा को सितंबर 2024 में बेंगलुरु में गिरफ्तार वह 17 साल की थीं) मुंबई की एक काम से जुड़ी यात्रा के दौरान उनका यौन उत्पीड़न किया और यौन उत्पीड़न जारी रखा और किसी को भी न बताने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह 2017 में कोरियोग्राफर के संपर्क में आईं और 2019 में वह उनकी सहायक बन गईं।गेम चेंजर' का निर्देशन शंकर ने किया है। यह फिल्म 10 जनवरी 2025 को तेलुगु, तमिल और हिंदी में रिलीज होगी। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस, दिल राजू प्रोडक्शंस और जी स्टूडियो के बैनर तले दिल राजू और सिरीश द्वारा निर्मित इस फिल्म में कियारा आडवाणी और राम चरण के अलावा अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत और समुथिरकानी जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## भूल भुलैया 3 के लिए फैंस का इंतजार खत्म, अब घर बैठे ओटीटी पर देख सकेंगे फिल्म

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन के प्रशंसकों के लिए एक खुशखबरी है। अब उनकी पसंदीदा हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 जल्द ही ओटीटी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अपनी अदाकारी से सभी का दिल जीत लिया। वहीं अब फिल्म सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म लगभग दो महीने बाद, कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 अब ऑनलाइन रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध



पर उपलब्ध होगी। जानिए कब और कहां देख सकेंगे फिल्म।अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी अब जल्द ही नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी, जानिए कब देख सकेंगे हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3।सिनेमाघरों में रिलीज होने के होगी। बुधवार को नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए संकेत दिया कि भूल भुलैया 3 का प्रीमियर 27 दिसंबर को होगा।नेटफ्लिक्स ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें कार्तिक आर्यन को एक कैमरे की तरफ भागते हुए देखा जा सकता है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, ठऊळअळश: कार्तिक आर्यन के पास आपके लिए एक क्रिसमस सरप्राइज है! जल्द ही आ रहा है अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित, भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म में भरपूर हॉरर-कॉमेडी का डोज मिलेगा। भूल भुलैया 3 को सभी से मिली-जुली समीक्षा मिली है। इसने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों रुपये की कमाई की और कई रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराए।फिल्म भूल भुलैया 3, हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया की तीसरी किस्त है। फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आई। अब फिल्म सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## राशिफल

**मेष-**:स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है।

**वृष-** सप्ताह आपके लिए मंगलमय रहेगा। आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-**: भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-**:जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-**: आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-**: आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-**:किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-**: भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-**: भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से विचलित हो सकता है।

**मकर-**:खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अड़ियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-**: आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है।

**मीन-**: आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़




## सोनू सूद को मिल चुके हैं सीएम सहित कई बड़े राजनीतिक पदों के ऑफर, इस वजह से अभिनेता ने कर दिया इनकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गरीबों के मसीहा' के रूप में लोकप्रिय हो चुके सोनू सूद अपनी आगामी फिल्म 'फतेह' को लेकर तैयार रहते हैं। साल 2020 में कोविड लॉकडाउन के दौरान उन्होंने प्रवासी श्रमिकों की मदद की। इतना ही नहीं, उस मुश्किल वक्त में देश-दुनिया में ही में खुलासा किया कि उन्हें मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री तक बनने के ऑफर मिल चुके हैं। हाल में ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ बातचीत में सोनू



चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें कई राजनीतिक पदों की पेशकश की जा चुकी है, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।सोनू सूद अपने नेक कामों की वजह से नेशनल हीरो बन चुके हैं। दिन हो या रात जरूरतमंदों की मदद के लिए वे हमेशा फंसे लोगों की मदद के लिए अभिनेता ने अपनी प्रॉपर्टी तक गिरवी रख दी थी। हाल ही में सोनू सूद ने खुलासा किया है कि उन्हें राजनीति में आने के लिए प्रस्ताव मिल चुके हैं। मगर, खुद उन्होंने ही इसके लिए इनकार कर दिया। अभिनेता सोनू सूद ने हाल सूद ने जिक्र किया कि उन्हें पॉलिटिक्स में आने के लिए कई बढ़िया पेशकश हुई हैं। सीएम और डिप्टी सीएम के ऑफर के अलावा उन्हें राज्यसभा में भी सीट का भी प्रस्ताव पेश किया गया। लेकिन, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। इसकी वजह भी उन्होंने बताई है। सोनू सूद ने खुलासा किया कि उनसे कई बड़े और महत्वपूर्ण राजनीतिक पदों के लिए संपर्क किया गया। एक्टर ने कहा, 'मुझे मुख्यमंत्री का पद ऑफर किया गया है। जब मैंने मना कर दिया, तो उन्होंने कहा, 'तो फिर उपमुख्यमंत्री बन जाओ'। ये देश के बहुत प्रभावशाली लोग थे जिन्होंने मुझे राज्यसभा में सीट देने की भी पेशकश की। उन्होंने मुझसे कहा, 'राज्यसभा की सदस्यता ले लो। हमारे साथ जुड़ जाओ। तुम्हें राजनीति में आने के लिए किसी चीज के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है। यह वाकई एक रोमांचक दौर है जिंदगी का, जब ऐसे ताकतवर लोग आपसे मिलना चाहते हैं और आपको दुनिया में बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं'। अभिनेता का कहना है जब आपको लोकप्रियता मिली शुरू होती है तो जिंदगी में आप और ऊपर उठने लगते हो, लेकिन जितनी ज्यादा ऊंचाई पर जाएंगे, वहां ऑक्सीजन का स्तर कम होता है। हम ऊपर उठना चाहते हैं, ये ठीक है लेकिन हम वहां कितनी देर टिके रह सकते हैं? लोगो ने मुझसे कहा कि बड़े-बड़े कलाकार ऐसे प्रस्तावों का सपना देखते हैं और तुम इनकार कर रहे है। सोनू सूद ने राजनीति में कदम न रखने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा, 'लोग दो कारणों से पॉलिटिक्स में आते हैं। एक सत्ता के लिए और या पैसा कमाने। मुझे इनमें रुचि नहीं। अगर लोगों की मदद करने की बात है तो वो मैं पहले से ही कर रहा हूं। राजनीति में आने के बाद मुझे किसी के प्रति जवाबदेह होना पड़ेगा और मेरी स्वतंत्रता खो जाएगी।

Celebrating Success of Glorious 17th Years

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

★ C.O.P.A. ★ Fitter ★ Computer Teacher Training ★ Electrician ★ Welding Technology
★ Fire Safety & Industrial Security ★ Repair of Refrigerator & A.C. ★ Certificate in YOGA
★ Security Service ★ Computer Hardware& Maintenance ★ Electric Mechanic

छात्रवृत्ति की सुविधा | अप्रेन्टिशिप की सुविधा | 100% प्रेक्टिकल ट्रेनिंग के साथ | 100% Placement Free Study Material

**January**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

**February**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | |

**March**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | 31 | | | | | |

**April**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | |
| 27 | 28 | 29 | 30 | | | |






**May**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

**June**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

**July**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

**August**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |






**September**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

**October**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

**November**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | | | | | | |

**December**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |






## India Holidays and Observances

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Jan 01 | New Year's Day | Mar 14 | Holi | Apr 18 | Good Friday | Aug 09 | Raksha Bandhan | Sep 05 | Milad un Nabi |
| Jan 14 | Makar Sankranti / Pongal | Mar 31 | Eid-ul-Fitar | May 12 | Budhha Purnima | Aug 15 | Independence Day | Oct 02 | Dussehra / Dasara |
| Jan 26 | Republic Day | Apr 06 | Ram Navami | Jun 07 | Bakri Id / Eid ul-Adha | Aug 16 | Janmashtami | Oct 20 | Diwali / Deepavali |
| Feb 26 | Maha Shivaratri | Apr 10 | Mahavir Jayanti | Jul 06 | Muharram | Aug 27 | Vinayaka Chaturthi | Dec 25 | Christmas |

# विविध



## जामवंती पाण्डेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता महुआंव पाण्डेय में मड़िहान की टीम हुई विजयी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**घोरावल सोनभद्र।** महुआंव पांडेय गांव में आयोजित जामवंती पांडेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के सोलहवें



दिन शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल के मैच खेले गए। पहला क्वार्टर फाइनल मैच उगापुर और मड़िहान की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर उगापुर ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। मड़िहान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 143 रन बनाये। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी उगापुर की टीम 8 ओवरों में सिर्फ 80 रन ही बना सकी। इस तरह मड़िहान ने इस मुकाबले को 63 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।इस मैच के मैन ऑफ द मैच मड़िहान टीम के निखिल कुमार रहे, जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8 चौका और 7 छक्का लगाते हुए 77 रनों की यादगार पारी खेली। वहीं दूसरा सेमी फाइनल मैच मड़िहान और घोरावल के बीच खेला गया। घोरावल की टीम ने टॉस जीतकर निर्धारित 5 ओवर में 44 रन बनाए। जवाब में मड़िहान ने चौथे ओवर में ही 45 रन बनाकर मुकाबले को जीत लिया और फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच किशन रहे, जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट लिए।स्वर्गीय जामवंती पांडेय स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष चंद्रशेखर पांडेय ने विजेता टीमों और मैन ऑफ द मैच को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच 29 दिसंबर को खेला जाएगा।इस मौके पर सर्वेश द्विवेदी, रामकेश कुशवाहा, विनोदधर द्विवेदी जगदीश शर्मा, रामअनुजधर द्विवेदी मोनू, रवि, दीपक शर्मा, कृष्णधर द्विवेदी,अनूप पाठक, निखिल द्विवेदी, अभिषेक, जितेंद्र कुमार, प्रदीप तिवारी इत्यादि उपस्थित रहे ।

## हवन यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ श्रीराम कथा का समापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**चोपन/सोनभद्र।** प्रितनगर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा शुक्रवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन के बाद हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का कथावाचक श्रद्धेय पं दिलीप कृष्ण भारद्वाज जी महाराज एवं राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव सिंह गोंड़ द्वारा प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारंभ शुभारंभ किया गया जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। कथा व्यास पं दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने 9 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीराम कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। आगे कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीराम कथा से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने



पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन शुक्रवार को विधिविधान से पूजा करवाई गई। दोपहर तक हवन और शाम तक भंडारा कराया गया जिसमें नगर सहित आसपास के भारी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किये। कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील सिंह ने कथा को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करने वाले सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नौ दिनों तक चले कार्यक्रम का संचालन मनोज चौबे ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा, नवल किशोर चौबे,कमल किशोर सिंह, रजनीकांत कांत सिंह, हंसराज शुक्ला, दया सिंह, बबलू सोनी, अरविंद उपाध्याय, अनील यादव, दीनदयाल सिंह, नागेंद्र विश्वकर्मा, अतुल शुक्ला,शिवम मिश्रा, अरविंद जायसवाल, अमित सिंह बढ़कू, विकास सिंह छोटकू, मुकेश पटेल, अंकित सोनी सहित भारी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## नगर के 250 गरीबो में किया गया कंबल वितरण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मां शारदा शिक्षा एवं सेवा ट्रस्ट रावट्र्सगंज सोनभद्र द्वारा कंबल वितरण का कार्यक्रम वार्ड नंबर 1



रावट्र्सगंज दलित बस्ती में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जागृति अवस्थी (आई 0ए0 एस) मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र रही इस भीषण ठंडी में बुजुर्ग असहाय गरीब को ठंड से राहत देने के लिए 250 कंबल का वितरण आज किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से गरीबों की सेवा करने की भावना प्रबल होती है। और ठंड के मौसम में असहाय तथा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करने का अर्थ है ईश्वर की उपासना करना । विंध्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अंजलि विक्रम सिंह ने कहा कि संस्था निर्धारित रूपरेखा के तहत गरीबों की मदद करती है हर तरह से ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है संस्था इसी तरह के अन्य सामाजिक कार्य भी जैसे सिलाई कढ़ाई का भी प्रशिक्षण समय-समय पर प्रदान करती है कंबल प्राप्त करने वालों में गीता, सुशीला ,धन्नो, लक्ष्मण बाबूलाल ,डीगुल, गुंजा, कलावती ,राजकुमारी, तारा देवी, प्रेम देवी आदि लोग रहे । कंबल प्राप्त कर सभी लोग बहुत ही प्रसन्न चित् रहे । कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी डॉक्टर अजय कुमार सिंह डॉक्टर अनीस डॉक्टर मनीष तथा नगर पालिका वार्ड नंबर 1 के सम्मानित सभासद दिनेश कुमार व वार्ड नंबर 14 के सभासद माननीय विनोद सोनी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन आनंद सिंह ने किया ।

## अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी रोशन रतूड़ी दुबई से पहुंचे महाकौथिग उत्तराखंड मेला नोएडा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा वरिष्ठ समाजसेवी रोशन रतूड़ी दुबई में व्यावस्यिक के साथ में अपनी मानवता सेवा के कार्य से जाने जाते है, अभी स्वदेश भारत उत्तराखंड मेला महाकौथिग नोएडा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, रोशन रतूड़ी कई अन्य देश में जो श्रमिक किसी कारण फस जाते है उनकी किसी भी देश और किसी भी मजहब को एक मानवता की नजर से देख कर उनकी सहायता करता है,इसलिए उनकी फेस वैल्यू दुनिया के तमाम लोग स्नेह से देखते है रोशन रतूड़ी उत्तराखंड के हिंडोलाखाल टिहरी गढ़वाल के मूल निवासी है और वर्ष 1980 में इनके माता पिता जी देहरादून में अपने व्यवसाय हेतु देहरादून में सटल हो गए थे, रोशन रतूड़ी एक बाल ब्रह्मचारी है उन्होंने अपने जीवन में शादी नहीं करने का निर्णय लिया है क्यूंकि परिवार होने के कारण लोगो की सेवा नहीं कर पाते इसलिए उन्होंने अपना जीवन मानव की सेवा को समर्पित किया है ।रोशन रतूड़ी ने अभी तक 22 वर्ष में 26 हज़ार से अधिक लोगो को अन्य बाहर के अलग अलग देशों से छुटकारा दिलाया,जैसे की दलालों और होटल मालिको के श्रमिक शोषण, उनका पासपोर्ट बंधी बनाना, किसी की तबीयत बिगड़ने पर उनको उपचार कराना या जिनका कई वर्षों से लापता है ,किसी कारण वीजा खत्म होने पर झेल में बंधी व्यक्तियों को फाइन देकर उनको अपने स्वदेश लौटने की मदद करना, कई डेढ़ बॉडी को उनके वतन भेजना और उसका पूरा खर्चा स्वयं की जेव से करना, जैसे कई मानवता सेवा उनके नाम से जाना जाता है । रोशन रतूड़ी ग़ैर राजनीतिक व्यक्ति है और वह सत्य की राह पर चलने वाले व्यक्ति की पहचान दिलाता है । किसी भी तरह की निःसंकोच दबी हुई आवाज को बुलंद करने में उनका कार्य पूरा करने तक तत्पर रहता हैरोशन रतूड़ी का कहना है कि मेरी आवाज जानता का प्यार है जानता की ताकत मुझे पूर्ण रूप से बेमिसाल शक्ति प्रदान करता है । सच्ची राह,सच्ची लगन को ईश्वर सत्यता का साथ सदैव आश्रीवाद देता हैं ।




## भरत चले चित्रकूट श्री राम को मनाने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** नगर के आर.टी.एस. क्लब मैदान में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के पांचवें दिन प्रभु श्री राम दरबार का भव्य श्रृंगार शिशु त्रिपाठी ने किया। इसके बाद समिति के अध्यक्ष



सत्यपाल जैन एवं महामंत्री सुशील पाठक सहित मंच पर भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री राम दरबार की मंगला आरती की। वही पांचवें दिन पाठ करते हुए काशी से पधारे आचार्य सूर्य लाल मिश्र जी ने कहां कि भगवान राम के वनवास के बाद चक्रवर्ती सम्राट महाराजा दशरथ की मृत्यु के पश्चात ननिहाल से भरत एवं शत्रुघ्न को बुलवाया जाता है अयोध्या लौट कर दोनों भाई भगवान राम लक्ष्मण सीता के वनवास से अवगत होते हैं और मां कैकेई को अपशब्द कहते हुए बनवास की दोषी मंथरा को दंड देते हैं। इसके पश्चात चक्रवर्ती सम्राट महाराजा दशरथ का अंतिम संस्कार करते हैं। इसके बाद माताओं एवं गुरु वशिष्ठ के परामर्श से भरत एवं शत्रुघ्न गुरु माताओं सहित चित्रकूट पहुंचते हैं, काफी अनुनय विनय के पश्चात जब राम अयोध्या लौटने के लिए तैयार नहीं होते हैं तो उनकी चरण पादुका लेकर भरत अयोध्या के लिए प्रस्थान करते हैं। वही एक दिन पूर्व आयोजित रात्रि प्रवचन में प्रसिद्ध कथा व्यास नीरज जी भैया ने कहां कि कैकेई द्वारा राजा दशरथ से दो वरदान मांग कर भगवान राम को 14 वर्षों का वनवास दिला दिया गया उन्होंने कहा सुना हूं प्राण प्रिय भागव जी का। देहु एक वर भारतहि रोका। मांगहूं इसर कर जोरी। परवहु नाथ मनोरथ मोरी। इस दोहे के अनुसार रामजी आजीवन वनवासी बन जाते हैं लेकिन शिव की कृपा से माने गए वरदान में परिवर्तन हो गया क्या क्या ही ने कहा तापस वेष विशेष उदासी। चौदह वरिस राम वनवासी। यानी राम जी केवल 14 वर्ष के लिए ही वनवासी हो क्योंकि जिस दिन कैकई ने वरदान मांगा था उस दिन से रावण की आयु मात्र 14 वर्ष ही शेष बचा था। आगे कहा कि जहां तहं मीर अगाधा। जिमी हरी शरण न एकउ बाधा। बताएं कि संसार के सभी प्राणी सुख चाहते हैं लेकिन सुख मिलता कहां है। सब सुख लइई तुम्हारी सरना। तुम रक्षक काहू को डरना।। भगवान की शरण में जाने का तरीका आ जाए और उनको अपना रक्षक मान लेने से चारों तरफ सुखी हो जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, मिठाई लाल सोनी राजकुमार अग्रवाल, रामेश्वर शुक्ला, शैलेंद्र चौबे, मनु पांडे, संगम गुप्ता, प्रशांत जैन, रामविलास सोनी, सुंदर केसरी, मन्नू पांडे, पप्पू शुक्ला, महेश दुबे, सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की, इस दौरान जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा की, खाद्य सुरक्षा के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम्पल कलेक्शन व छापेमारी की कार्यवाही में तेजी लायें, बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता राबट्र्सगंज अनुपस्थित रहें, जिसका जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता राबट्र्सगंज को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें, इसी प्रकार से स्टाम्प विभाग की नगर पंचायतों की मासिक वसूली की समीक्षा में नगर पंचायत घोरावल, रेनुकूट, पिपरी व दुद्धी की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाट माप विभाग द्वारा छापेमारी की कार्यवाही में तेजी लायी जायें और छापेमारी कार्यवाही की सूची प्रस्तुत की जायें। बैठक में जिलाधिकारी ने मानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आर0सी0 का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये, लक्ष्य को पूरा न करने वालों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि तहसीलों का काम समयबद्ध और बेहतर तरीके से करने के लिए कड़ाई के साथ उप जिलाधिकारी व तहसीलदार राजस्व कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

## जे.ई. एवं एस डी ओ लेडियारी प्रयागराज के खिलाफ शिकायत व धरना बालसन चौराहा पर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** ब्यूरो लेडियारी विद्युत



केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले कई ग्रामों में विभागी भ्रष्टाचार एवं लापरवाही के कारण काफी किसानों का बिल बकाया है जबकि कई किसान अपना बिल नियमित रूप से जमा कर रहें है। 13 दिसम्बर 2024 को जे.ई. एवं एस. डी. ओ द्वारा 11 हजार वोल्ट की लाइन का जम्पर उतार कर कई ग्रामों की बिजली ठप कर दी गई। जिसमे 15 दिन तक ग्रामीण अंधेरे मे रहें, इसी विषय को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला स्तरीय पदाधिकारी कुछ किसानें को लेकर विद्युत विभाग को पूर्व सूचना देकर 27 दिसम्बर 2024 को सुबह 10 बजे से धरने पर बैठे थे, जिससे भारतीय यूनियन के कार्यकर्ता सारा दिन शन्ति व्यवस्था बनाये बैठे रह गये लेकिन विद्युत विभाग का कोई भी कर्मचारी सायं 4 बजे तक धरना स्थल नही आयें। एस. डी. ओ सायं 4.30 बजे जब किसान बाजार की तरफ चल दिये तब रास्ते में मिले और किसानों के साथ बाइक पर बैठ गये और बोले आगे बैठकर बात करते हैं, बाजार में पहुंचने पर पता चला कि एस.डी.ओ महोदय नशे में है, और सार्थक बात करने की स्थति में नहीं है. साथ में बैठी महिलाओं के साथ उन्होंने अर्थदता की। जब कि चौकी इन्चार्ज महोदय आये तो किसानों ने इनकी शिकयत की और मेडिकल करवाने हेतु चौकी इन्चार्ज के सुपुर्द कर दिया। जी से निवेदन है कि तथ्यों की जाँच कर विभागीय दण्डात्मक कार्यवाही।

## तार खींचते समय ब्रिज टावर गिरा, सात मजदूर घायल, एक का पैर कटा, हालत गंभीर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** सहसो गांव में रेहंडम का तार रिंग रोड की वजह से ऊंचा करते समय मजदूरों द्वारा मशीन के माध्यम से तार को खींचा जा रहा था कि अचानक ब्रिज टावर गिर पड़ा। जिसकी चपेट में आने से पश्चिम बंगाल के सात मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने आनन फानन में समीप के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर एक की स्थिति गंभीर होने पर शहर स्थित अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक सहसों के समीप रिंग रोड का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसके कारण तार व टावर को नया टावर बनाकर उस पर तार खींचकर ऊंचा किया जा रहा है। शनिवार दोपहर बाद लगभग 2:00 बजे मशीन के माध्यम से ब्रिज टावर पर तार खींचा जा रहा था कि अचानक टावर गिर पड़ा। जिसकी चपेट में आने से पश्चिम बंगाल के जिला मालदा टाउन के रहने वाले मजदूर आमिर पुत्र भोंदू, कासिम पुत्र इदुवा, अनिरुद्ध सिंह पुत्र सत्तर सेख, अब्दुल पुत्र शेख अख्तर, पुतुल शेख पुत्र भद्दू शेख, सलीम व छोट्टन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सहसों के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने सलीम की स्थिति गंभीर देखकर प्रयागराज के लिए रेफर कर दिए। साथ में काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि दोनों तरफ से तार की खिंचाई मशीन के माध्यम से चल रही थी। कुछ मजदूर टावर के नीचे काम कर रहे थे। गिरने के बाद उनकी चपेट में आने से कई श्रमिक घायल हो गए।



## घर से पिकप को खींच ले जाने के मामले में सदर कोतवाली ने बाबा विश्वनाथ पार्किंग यार्ड सलखन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** प्रार्थी मोहन पाण्डेय पुत्र सुशील पाण्डेय ग्राम पेहराही पाण्डेय रॉबर्ट्सगंज टाटा योध्या 1200 पिकप ळझ64ँऊ 8524 फाइनेंस कराया था। तथा उक्त वाहन को चला कर जीवन यापन करता था तथा समय समय




पर वाहन का क़िस्त भी जमा करता था। बृहस्पतिवार को समय करीब 10 बजे ग्राम पेटराही पाण्डेय मेरे घर पर आये लोग मेरा भाई किशन पाण्डेय व मेरे पिता भी मौजूद थे।घर पर काली कलर की चार पहिया वाहन आई और घर पर पहुचते ही लोग धमकी देने लगे जिसमें ओम प्रकाश फाइनेंसर व तीन चार व्यक्ति नाम पता अज्ञात ळझ् 65 गाड़ी से आये थे। हम लोग भयभीत होकर मेरा भाई किशन पाण्डेय ने मेरे उपरोक्त वाहन को चार पहिया वाहन सवार व्यक्तियो को बताए स्थान बाबा विश्वनाथ पार्किंग यार्ड सलखन में खड़ा करा दिए तथा वाहन खड़ा करने के बाद मेरे भाई को धमकी देकर जबरजस्ती फार्म पर हस्ताक्षर भी बनवाये बाबा विश्वनाथ गार्ड सलखन की मिली भगत से उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा गलत व बेईमानी की नीयत से मेरी गाड़ी को गार्ड में रखवाया गया है। वही थाना प्रभारी सतेंद्र राय ने बताया कि बीती रात तहरीर के आधार पर बाबा विश्वनाथ यार्ड के खिलाफ विभिन्न धारावो में मुकदमा पंजीकृत किया गया हैं।308(2),352,251(2) के तहत दर्ज।

## थानों पर आने वाले शिकायतों का सम्बंधित तुरित जांच कर करें करवाइ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर ठथाना समाधान दिवसठ का आयोजन किया गया । जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा थाना रॉबट्र्सगंज पर तथा समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने



सर्किल क्षेत्र में पड़ने वाले थानों पर आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । इसी क्रम में समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थानों पर ठथाना समाधान दिवसठ के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके । जनपद में पुलिस से सम्बन्धित पूर्व से लम्बित 11 व प्राप्त 17 ( कुल 28) प्रार्थना पत्रों में से 19 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण तथा राजस्व से सम्बन्धित पूर्व से लम्बित 101 व प्राप्त 74 ( कुल 175) प्रार्थना पत्रों में से 102 का मौके पर ही निस्तारण किया गया (इस प्रकार कुल 203 प्रार्थना पत्रों में से 121 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया) जबकि शेष बचे प्रार्थना पत्रों का निस्तारण आवश्यकतानुसार कार्रवाई कर शीघ्र निस्तारण किया जायेगा ।

## सर्दी में बारिश के बाद बीमारियों का खतरा बढ़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा सर्दी के मौसम में बारिश के बाद हवा में नमी और ठंड बढ़ गई है, जो बीमारियों के प्रसार को बढ़ावा देती है। इस मौसम में सर्दी, खांसी, फ्लू, त्वचा संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा अधिक होता है। फेलिक्स अस्पताल के फिजीशियन डॉ. अंशुमाला सिन्हा का कहना है कि सर्दी में बारिश के बाद बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन स्वच्छता, सही आहार, और सावधानी बरतने से इनसे बचा जा सकता है। ठंडी और नम हवा से इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। वायरस और बैक्टीरिया ठंडी और गीली सतहों पर लंबे समय तक सक्रिय रहते हैं। गंदगी और पानी के जमाव से मच्छरों और कीटाणुओं का प्रसार होता है। अपर्याप्त गर्म कपड़े पहनने से शरीर ठंडा हो सकता है। बचाव के लिए जरूरी है कि स्वच्छता का ध्यान रखें। नियमित रूप से हाथ धोएं। स्वच्छ और गर्म कपड़े पहनें। पौष्टिक आहार का सेवन करें। विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। हाइड्रेटेड रहें। पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें। बारिश में भीगने से बचें। साफ-सफाई बनाए रखें। घर और आसपास पानी जमा न होने दें। मच्छरदानी का उपयोग करें। समय पर लक्षण पहचानकर उचित इलाज कराने से स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान से बचाया जा सकता है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और सर्दी में भी फिट और सुरक्षित रहें। बारिश के बाद सर्दी-जुकाम और फ्लू बढ़ सकता है। इसका कारण वायरस के संक्रमण से होता है, जो ठंडी और नम परिस्थितियों में तेजी से फैलता है। नाक बंद होना, गला खराब, बुखार और बदन दर्द इसके लक्षण है। निमोनिया भी हो सकता है। इसका कारण फेफड़ों का संक्रमण, जो बैक्टीरिया, वायरस या फंगस से हो सकता है। तेज बुखार, खांसी में बलगम, सांस लेने में तकलीफ इसके लक्षण है। साइनस संक्रमण भी हो सकता है। इसका कारण नमी के कारण साइनस कैविटी में संक्रमण है। सिर दर्द, नाक से पानी बहना, चेहरे पर सूजन इसके लक्षण है। त्वचा संक्रमण भी हो सकता है। इसका कारण बारिश और नमी से त्वचा पर फंगल और बैक्टीरियल संक्रमण होता है। खुजली, लाल दाने, फोड़े-फुंसी इसके लक्षण हैं। डायरिया और पेट के संक्रमण भी हो सकता है। गंदे पानी और दूषित भोजन का सेवन इसका कारण है। पेट दर्द, दस्त, उल्टी इसके लक्षण है।

